राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

21 मई 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 04

मछली नदी खोल के बैठी

आज की कविता

मछली जो कि मालिक है नदी की , उसने नदी का खज़ाना खोल कर रख दिया है सबके लिए। किसने किसने, क्या क्या खजाने खोल दिए हैं सबके लिए, आइए सुनते हैं इस कविता में। कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। एकलव्य



कर्कश कौए

आज की कहानी

कौए भी दूसरे पक्षियों की तरह मजेदार हैं। उनकी एक खास आवाज काँव काँव ही उनकी पहचान बन गई है। आइए सुनते हैं एक कौए की कहानी , उसी की जुबानी। कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। प्रथम बुक्स



जिल्द

आज की किताब

जब नयी किताब हाथ आती है तो उसे उलटना-पलटना, सूंघना और सीने से लगाए रखना कौन नहीं चाहता। पर उसे मैली होने से बचाने के लिए क्या करेंगे हम? चटकू ने क्या क्या नहीं किया? जानने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। रूम टू रीड

पंखा

आज की गतिविधि

गर्मी में पंखा किसे अच्छा नहीं लगता। आज की गतिविधि में अरविन्द गुप्ता आपके लिए लाये है चार ब्लेड वाला पंखा बनाने की विधि। गतिविधि के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। अरविंद गुप्ता टॉयज़

प्राथमिक स्तर से गणितीय सोच का

टीचर्स कॉर्नर

बच्चों में तार्किक चिंतन और क्षमता विकसित करना गणित शिक्षा का एक मुख्य उद्देश्य है। कक्षा में गणित सीखने -सिखाने के दौरान यह तर्किक चिंतन कैसे विकसित करें यह मूल प्रश्न है। ऐसे ही प्रश्नों और उसके समाधानों पर प्रकाश डालता तान्या सक्सेना का यह विचार आलेख। चित्र पर क्लिक कर लेख पढ़े।

शिक्षकों के लिए। पाठशाला



किताबों का चस्का

हमारा पुस्तकालय

मोहम्मद हुसैन डायर भीलवाड़ा जिले में राजकीय विद्यालय में व्याख्याता हैं और ये अपने विद्यालय में बच्चों के लिए एक जीवंत पुस्तकालय का होना अनिवार्य मानते है। बच्चों को किताबों से जोड़ने की इनकी उतार चढाव भरी यात्रा को पढ़ते हैं इस बार के ब्लॉग में। चित्र पर क्लिक कर ब्लॉग पढ़े।

शिक्षकों के लिए। RSLPP

#घर में रहें
#आनन्दसेपढ़ें

साथियों, हवामहल का 108 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।